संक्षिप्त

किसान मोर्चा के मंडल सत्यापन हेतु बैठक

चाकसू। चाकसू विधानसभा क्षेत्र में भाजपा किसान मोर्चा के मण्डल के सत्यापन हेतु वरिष्ठ पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जयपुर दक्षिण जिला प्रभारी शिवेन सागर, जिला संयोजक किसान मोर्चा जयपुर दक्षिण एस एम पवन जोशी, भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष चाकसू भूणाराम गुर्जर , चाकसू नगर मंडल अध्यक्ष केदार शर्मा, अध्यक्ष किसान मोर्चा चाकसू देहात अशोक यादव एवं मंडल अध्यक्ष कोटखावदा रामप्रसाद चौधरी आदि उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने विधानसभा चाकसू भाजपा किसान मोर्चा मंडल सत्यापन पर विस्तार से चर्चा करते हुए विचार-विमर्श किया।

खाटू श्याम धाम के लिए श्रद्धालु रवाना

कोटपूतली। गौ सेवार्थ संगीतमय सुंदरकांड समिति कोटपूतली के तत्वाधान में बुधवार को श्रद्धालु श्री खाटू श्याम धाम के लिए रवाना हुए। समिति अध्यक्ष राजेश सवाईका ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रति माह कोटपूतली से खाटू श्याम भक्तों को श्री खाटू श्याम धाम ले जाया जाता है। बुधवार को खाटू के लिए दो बसों को रवाना किया गया। यात्रा को श्री श्याम शक्ति मंडल के अध्यक्ष श्याम लाल बंसल व रमेश जिंदल ने ध्वज पताका दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर कुलदीप जोशी, रजत जिंदल, दिनेश गर्ग, मनोज गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

रामधन अध्यक्ष बने

मालपुरा। बुधवार को टोरडी डाक बंगले में हुई जल वितरण समिति अध्यक्ष के चुनावों की बैठक में रामधन चौधरी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। जल वितरण अध्यक्ष केटीसी 1 से 9 तक के हुए चुनावों में जल वितरण समिति प्रथम के अध्यक्ष पद पर रामधन चौधरी समिति दो के अध्यक्ष पद पर राजेश कुमार दायमा 1 मत से विजय रहे। तो समिति अध्यक्ष तीन के पद पर राकेश कुमार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये।

युवाओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

कोटपूतली। स्थानीय राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तमणि अभियान के तहत बुधवार को प्रेमप्रकाश पुत्र रामजीलाल सोनी निवासी ग्राम गिरूडी (बानसूर) व दाऊ पुत्र धुड़ाराम सोनी निवासी बीकानेर ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

राजगढ़ बचाओ संघर्ष समिति का आमरण अनशन नौवें दिन भी जारी

राजगढ़, (निसं)। राजगढ़ बचाओ संघर्ष समिति की ओर से मांगों के निराकरण को लेकर आमरण अनशन नौं दिन बुधवार को भी जारी रहा।

इधर नगर पालिका प्रशासन की ओर से नाले की खुदाई के बाद अन्य कार्य बुधवार को धीमी गति से चला। संघर्ष समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रधान एवं ललित साहू का आमरण अनशन जारी रहा। आमरण अनशन पर बैठे अनशन कारियों के स्वास्थ्य की जांच चिकित्सक रमेश मीणा ने टीम के साथ की। संघर्ष समिति एवं प्रशासन के मध्य

- नाला निर्माण कार्य भी रहा धीमा

तालमेल एवं सकारात्मक प्रयास के अभाव में बुधवार को भी आंदोलन का सर्व सम्मत हल नहीं निकल पाया।

विदित रहे कि राजगढ बचाओ संघर्ष समिति की ओर से सराय बाजार क्षेत्र में व्यवसायिक एवं आवासीय प्रतिष्ठानों के प्रभावित परिवारों का भी करीब 40 दिन के आंदोलन के चलते जनजीवन थम सा गया है। इधर संघर्ष समिति एवं प्रशासन के मध्य इस प्रकरण के समाधान को लेकर सामाजिक, व्यापारिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ गणमान्य जन, व्यापारी एवं जागरूक लोग अपने तरीके से प्रयासरत हैं। नगरपालिका की ओर से सड़क की नाप के दौरान करीब डेढ दर्जन लोगों के विरुद्ध राज कार्य में बाधा सहित अन्य मामला दर्ज होने ने के मामले ने भी समाधान में रुकावट डाली। इधर विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक समिति एवं प्रशासन के मध्य इस प्रकरण के सम्मानजनक हल के गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं जिनका नतीजा शायद शीघ्र सकारात्मक आवे। विदित रहे कि करीब 40 दिन के पश्चात भी मास्टर प्लान के तहत की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई से खंडहर बने मकान एवं प्रतिष्ठान आने जाने वालों के लिए कोतुहल का विषय बने हुए हैं।

राजगढ़ के सराय बाजार में मास्टर प्लान के तहत की गई तोड़फोड़ के विरोध में संघर्ष समिति का विरोध व आमरण अनशन जारी है।

सभापति के प्रयासों से सआदत पवेलियन को सौंदर्यकरण होगा

टोंक, (निसं)। नगर परिषद के सभापति अली अहमद के प्रयासों से अब टोंक शहर का सआदत पवेलियन का चमकता हुआ नजर आएगा, जिसके लिए सभापति अली अहमद ने सआदत पवेलियन के सौंदर्यीकरण के लिए पेपर वर्क शुरु कर दिया गया है और 3डी डिजायन भी तैयार कर दिया है। नगर परिषद सभापति अली अहमद के प्रयासों से नवाबी विरासत को बरकरार रखने के लिए टोंक नगर परिषद निरंतर प्रयासरत है, बीते कुछ दिनों पहले शहर के पुराने और खंडर पड़े दरवाजों को दोबारा उनका असली रूप दिलवा दिया गया है। सभापति अली अहमद ने बताया कि अब शहर के सबसे बड़े मुख्य खेल मैदान जो नवाब सआदत अली खान के नाम से जाना जाता है, जिसका अब अपनी काया कल्प बदलने जा रहा है। काफी समय से सआदत पवेलियन के सौंदर्यीकरण के लिए पेपर वर्क चल रहा था, वह इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित भी थे। अब नगर परिषद टोंक द्वारा इस प्रोजेक्ट का 3डी डिजाइन जारी कर दिया गया है। यह डिजाइन शहीद स्मारक का डिजाइन है, जो की सआदत पवेलियन में 50 लाख की लागत का है, जिससे लोग काफी प्रभावित हो सकेंगे और देश के लिए अपनी जान देकर हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद कर सकेंगे।

सार-समाचार

परिन्दों के लिए बांधे परिंडे

बोराज। कस्बे के भन्दे बालाजी रोड स्थित दुकानदारों ने पक्षियो के लिए परिण्डे बांधे व नियमित उनके लिए परिण्डों में दाना पानी डालने की जिम्मेदारी ली। इस मोके पर चन्दालाल, मदनलाल सैन, धनराज, मीणा समाज अध्यक्ष सुरेन्द्र मीणा, अमर चन्द, जगदीश, मांगीलाल, सियाराम आदि ने सहयोग किया।

पशु चिकित्सालय के क्रमोन्नत की मांग

फुलेरा, (निसं)। राष्ट्रीय कांग्रेस के शहरी निकाय संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रभारी मनोज आहूजा ने राजस्थान सरकार के कृषि व पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया को ज्ञापन सौंपकर फुलेरा कस्बे की सांभर सड़क स्थित प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय को पशु पॉली क्लिनिक में क्रमोन्नत व जर्जर चिकित्सालय भवन के स्थान पर नवीन भवन निर्माण करवाने एवं पशु चिकित्सालय की व्यवस्था सुधारने की मांग की है। प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज आहुजा ने ज्ञापन में बताया कि करीब 1.25 बीघा जमीन पर प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय भवन स्थित है। जो कि पूर्ण रूप से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़ा है, तथा किसी भी प्रकार की सुविधाएं भी नहीं है। साथ ही आहुजा ने ज्ञापन में बताया कि फुलेरा के प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में एक चिकित्सक, एक सहायक चिकित्सक, एक पशुधन सहायक, एक पशुधन परिचायक व एक सफाईकर्मी कार्यरकत है। इस प्रकार कुल मात्र पांच सदस्यों का स्टाफ कार्यरत है। जबकि फुलेरा प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय के अधीन 25 सब सेंटर है। जिसके चलते यहां का स्टाफ भी पर्याप्त नहीं है। इसके अतिरिक्त पशु चिकित्सालय परिसर में मूलभूत सुविधाओं की भी कमी देखने को मिल रही है। जिसके कारण पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। राजस्थान सरकार के कृषि व पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया को ज्ञापन देकर प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज आहुजा ने उक्त जायज मांगों को शीघ्र पूरा करवाकर फुलेरा के प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय की दशा सुधारने व पशुपालकों को राहत पहुंचाने का आग्रह किया।

सांसद ने पुलिया निर्माण की राशि बढ़ाई

चाकसू। उपखंड चाकसू के ग्राम रुपवास से तामडिया मार्ग बनने वाली प्रस्तावित पुलिया के निर्माण के लिए सांसद कोटे से सांसद जसकौर मीणा ने 30 लाख रुपए दिए जाने की अनुशंसा की है। विधानसभा चाकसू क्षेत्र में सांसद के मीडिया प्रभारी एडवोकेट अर्जुन सिंह राजावत ने बताया कि पूर्व में इस पुलिया के निर्माण के लिए सांसद ने 15 लाख रुपए देने की अनुशंसा की थी। लेकिन तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा बनाए गए अनुमानित लागत (एस्टीमेट) अधिक हो जाने के चलते विधायक ने संशोधित अनुशंसा आदेश जारी करते हुए 30 लाख रुपए कर दिए। वार्ड 5 से भाजपा प्रत्याशी रही विमला चौधरी के अनुसार इस कार्य के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद से मिलकर पुलिया निर्माण की राशि बढ़ाकर तीस लाख रुपए किए जाने का आग्रह किया था।

वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन को लेकर बैठक

टोंक। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों की बैठक अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के तहत होने वाले 5 जून को वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन के लिए राज मिडवे पर बुधवार को आयोजित की गई। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की बैठक में प्रदेशाध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, महामंत्री केशव गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल माहेश्वरी, महिला कार्यकारी अध्यक्ष शकुंतला विजय ने तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में होने वाले 5 जून को वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन को लेकर चर्चा की और समाज बंधुओं से अधिक से अधिक भाग लेने का आव्हान किया। बैठक में ओम विजय, राजीव बंसल, सुनिल बंसल, शैलेन्द्र गर्ग, आनंद बम्ब, निखिल गुप्ता, हर्षित बंसल, ताराचंद विजय, दीपक विजय, नवीन आदि मौजूद थे।

महीनों से खराब बोरिंग को सही कराने की मांग

पावटा। प्रागपुरा में गोगाजी मन्दिर के पास महीनों से खराब पड़ी सिंगल फेज बोरिंग को लेकर ग्रामीणों ने पावटा प्रागपुरा नगर पालिका ईओ हरि नारायण यादव को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि उनके वार्ड के अधिकतर क्षेत्र में जलदाय विभाग की पानी की सप्लाई नहीं है। जहां सप्लाई है, वहां पानी नहीं पहुंचता। कई महीनों से सिंगल फेज बोरिंग खराब होने के कारण पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने पावटा प्रागपुरा नगर पालिका ईओ हरि नारायण यादव से मिलकर बोरिंग ठीक कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि सिंगल फेज बोरिंग खराब हो गई है। सिंगल फेज बोरिंग से ही पानी की व्यवस्था करनी होती है। जिस पर नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी हरिनारायण यादव को ज्ञापन देकर व विधायक इंद्राज गुर्जर को फोन के माध्यम से अवगत करवाया जिसके पश्चात अधिशाषी अधिकारी ने स्वीकृति देकर जल्द स्टाफ आते ही मोटर ,वायर इत्यादि लगवाने की स्वीकृति प्रदान की। इस दौरान अल्लाहरख लुहार,अल्ताफ लुहार,सद्दाम हुसैन, इत्यादि मौजूद रहे।

शराब का गोदाम खोलने के विरोध में उतरे लोग

पावटा। ग्राम पंचायत लाडाकाबास में वीर तेजाजी महाराज के मंदिर स्थान के नजदीकी शराब का गोदाम खुलने को लेकर ग्रामीणों द्वारा पुरजोर तरीके से आक्रोश जताते हुए भोमिया महाराज मंदिर गोपाला एनएच 48 के पास दारू के ठेके को लेकर रामनिवास गुर्जर की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया।

इसमें व्यापारी और स्थानीय लोग भी शामिल हुए। ग्रामीणों ने कहा कि लाडाकाबास वीर तेजाजी महाराज मंदिर के पास शराब का गोदाम खोला जा रहा है। जिसे प्राचीन वीर तेजाजी महाराज से व एनएच 48 से 200 मीटर दायरे के अंदर आती है। मंदिर के नजदीक शराब का गोदाम खुलने से धार्मिक भावना आहत होगी। आसपास के दुकानदारों के व्यापार पर भी असर होगा। यहां पास में ही स्कूल है। इससे बच्चों पर बुरा असर पडेगा। इस मौके पर प्रागपुरा थाना प्रभारी हवासिंह यादव ने मौके का जायजा लिया व अधिनस्थ अधिकारी आबकारी विभाग को टेलिफोन के माध्यम से जनता के सामने ही वार्तालाप करके जनता को विश्वास दिलाया और सीआई ने टेलिफोन पर वार्ता से लाडाकाबास में कोई शराब का गोदाम सेक्शन नहीं होने की बात कहीं। जिस पर ग्रामीणों ने सन्तुष्ट होकर प्रागपुरा थाना प्रभारी हवासिंह यादव का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिभूदयाल मास्टर, सरदार मल, हरलाल यादव, शिवराम यादव, कानाराम, विक्रम टाटला, रोहतास, नरसी नेता, डालूराम, सेठ पूरण, धोलाराम, सुरेश नाथला, शंकर, राजू, किशन, भैरू राम, मुकेश स्वामी, दारासिंह, महेश, राजू सहित ग्रामवासियों ने विरोध दर्ज करवाया।

ग्राम पंचायत लाडाकाबास में वीर तेजाजी महाराज के मंदिर स्थान के नजदीकी शराब का गोदाम खोलने के विरोध में ग्रामीणों ने बैठक कर आक्रोश जताया।

फॉलोअप कैंप आयोजित

पावटा। प्रशासन गांव के संग अभियान के तहत फॉलोअप कैंप का आयोजन टसकोला ग्राम पंचायत के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव एवं तहसीलदार पावटा की उपस्थिति में किया गया। आयोजित कैंप में नामांतरण, शुद्धीकरण, सीमा ज्ञान, अतिक्रमण, खाता विभाजन किया गया। पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव ने बताया कि आयोजित शिविर में ग्रामीणों को शिविर में पट्टे, नामान्तरण, बटवारा, नए रास्ते के प्रकरण, जाति मूल, नकल, जॉब कार्ड, मौका अपडेट व्यक्तिगत शौचालय, जन्म मृत्यु, बिजली विभाग संबंधित समस्याओं को ठीक, छात्रों के लिए मैदान ,विद्युत, हैंडपंप, वैक्सीन सहित विभिन्न कार्य किए गए। वही भौनावास सरपंच प्रतिनिधि संदीप सिंह, संतोष सिंह धर्मपाल सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत भौनावास के अंतर्गत खसरा नंबर 1398 में राजस्व विभाग में पहाड दर्शाए गए हैं। जिसमें 50 साल से करीब 300 से 400 लोगों की आबादी बसी हुई है। जिसको प्रशासन गांव के संग फॉलो अप कैंप के तहत आबादी में रूपांतरण किया गया है।

सांभर को जिला बनाने के लिये राजनीतिक प्रयास व दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव

सांभरझील, (निसं)। प्रदेश का सबसे प्राचीन उपखण्ड व उप जिला होने का दर्जा प्राप्त सांभर को जिला घोषित किये जाने की मांग यूं तो वर्ष 1952 से लगातार तत्कालीन सरकारों के समक्ष उठायी जाती रही है, लेकिन वर्ष 2012 में सांभर बार एसोसिएशन की तरफ से पुरजोर तरीके से उठायी गयी आवाज व उस वक्त मुख्यमंत्री रहे अशोग गहलोत व निवर्तमान मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को विस्तृत विवरण के साथ सौंपे गये प्रतिवेदन के बाद सरकार पर राजनीतिक प्रेशर बनाने में यहां के तमाम राजनेताओं की ओर से कोई रूचि नहीं दिखायी गयी है और न ही ऐसी कोई कवायद प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से की गयी है, जिससे ऐसा प्रतीत होता हो कि सांभर को जिला बनाने के लिये उनकी कोई रूचि है।

यह बात अलग है कि महज अखबार की सुर्खियों में छाये रहने के यहां के लोकल कथित नेताओं की ओर से जो मुद्दे उठाये भी जाते हैं उनमें भी उनकी कामयाबी की कोई कहानी लिखने योग्य नजर नहीं आती है। प्रदेश के मुखिया की ओर से नये जिले बनाये जाने के लिये कमेटी का गठन किये लम्बा समय हो चुका है, लेकिन फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के नेताओं की सुस्ती अभी तक उडने का नाम नहीं ले रही है।

यह बता दें कि सांभर उपखण्ड में किसी जमाने में शामिल रहा दूदू उपखण्ड जो कि अब अपनी पृथक से पहचान बनाता जा रहा है को जिला घोषित करवाने के लिये वहां के निर्दलीय जीतकर आये विधायक व वर्तमान मुख्यमंत्री के सलाहकार बाबूलाल नागर ने विगत दिनों दूदू को जिला घोषित करवाये जाने के लिये जिस प्रकार से जनाधार जुटाया और अपनी राजनीतिक ताकत का अहसास प्रदेश के मुखिया तक को कराने में सफल रहे उससे फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के राजनेताओं को बहुत कुछ सीखने की जरूरत है।

जानकारी में आया है कि महज दिखावे के लिये निवर्तमान नगरपालिका की बोर्ड की बैठक में कई दफा सांभर को जिला घोषित करवाने के सर्वसम्मति से प्रस्ताव लिये गये लेकिन ये समस्त प्रस्ताव महज कागजी पुलिंदा ही बनकर रह गये। यह लिखने योग्य है कि उस वक्त बार एसोसिएशन के अनुरोध पर क्षेत्रीय विधायक निर्मल कुमावत व जयपुर ग्रामीण सांसद रहे लालचन्द कटारिया ने भी अपनी लिखित अभिशंषा देकर सांभर को जिला घोषित किये जाने के लिये अपनी मंशा साफ की थी, लेकिन तमाम प्रक्रियाओं के बावजूद अब सांभर को नये सिरे से जिला घोषित करवाने की आवाज नहीं उठाने से क्षेत्रवासियों में भी जबरदस्त हताशा बनी हुयी है, लेकिन कोई बोलने वाला तैयार नहीं है।

विप्र वाहिनी प्रदेश प्रमुख का स्वागत

पावटा। अन्याय से संग्राम हेतु विप्र फाउंडेशन द्वारा गठित विप्र वाहिनी के प्रदेश प्रमुख प्रवीण व्यास शाहपुरा का मंगलवार को पावटा आगमन पर टसकोला- भौनावास रोड स्थित शिव शक्ति फार्म पर माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। वहीं राजस्थान ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता व प्रवीण व्यास शाहपुरा के मुख्य आतिथ्य में बैठक का आयोजन किया गया। विप्र समाज प्रदेश प्रमुख व्यास ने कहा कि अब ब्राह्मण समाज को एकजुट होकर आगे बढना होगा और शास्त्र के साथ शस्त्र भी उठाना पडे तो पीछे नहीं हटेंगे। इस दौरान राजस्थान ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष अध्यक्ष राजेश शर्मा, गजानंद टीलावत, दीपक शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, धीरज वशिष्ठ, योगेश शर्मा, विमल शर्मा, विकास शर्मा, गिरिराज शर्मा, सुनील गौड, नरेंद्र गौड, राजू पटेल, गिरिराज पटेल, हिमांशु पटेल, रामशरण बोहरा सहित विप्र बंधु मौजूद रहे।

'बिजली, पानी की समस्या का तुरंत समाधान करें, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी'

किशनगढ़बास, (निसं)। विधायक दीपचन्द खैरिया ने बिजली, पानी व सड़कों लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की और बिजली पानी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कार्य करने की हिदायत देते हुए कहा है लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- विधायक दीपचन्द खैरिया ने बिजली, पानी व सड़कों लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक ली

बुधवार को किसान आयोग के उपाध्यक्ष विधायक दीप चंद खैरिया ने विधायक कार्यालय पर पानी बिजली सड़क को लेकर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। विधायक ने बैठक में जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता नरेंद्र प्रसाद गुप्ता से कहा कि जल्द ही क्षेत्र में जनता जल मिशन के तहत स्वीकृत हुए कार्य को शुरू करवा कर पूर्ण कराएं जिससे लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल सके। अधिशासी अभियंता ने विधायक को अवगत कराया कि जनता जल मिशन के संशोधित प्रस्ताव जयपुर में विभाग को भेज दिए गए हैं। जल्द ही स्वीकृति आने पर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

विधायक ने अधिकारी को खैरथल कस्बे के लिए स्वीकृत हुए 10 सिंगल फेस बोरिंगों के कार्य जल्द करवाने, खैरथल कस्बे में वार्ड 18 में पानी की व्यवस्था नहीं होने पर टैंकर के जरिए पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने एवं किशनगढ बास कस्बे में सूखे हुए बोरवेल के स्थान पर चार और बोरवेल लगवाने, बासडा गांव में पेयजल व्यवस्था को सुचारू करने, दयालपुर पंप हाउस से बास कृपाल नगर की पाइप लाइन जोड़ने के प्रस्ताव भेजने, खैरथल कस्बे में एनसीआर का दोबारा टेंडर में समय लगने के कारण वर्तमान में पानी की व्यवस्था हेतु सूखे बोरवेल के स्थान पर नए ट्यूबवेल व पाइप लाइन के शीघ्र प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान विधायक ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को बिजली की व्यवस्था शहरी क्षेत्र में पानी की किल्लत को देखते हुए 24 घंटे देने के लिए निर्देशित किया। किशनगढबास अस्पताल में बढती सुविधाओं को मध्य नजर रखते हुए अस्पताल के लिए अलग से फीडर बनाकर बिजली की व्यवस्था 24 घंटे करने के लिए कहा है तथा इसके लिए विधायक कोटे से रुपए देने की बात कही। बैठक में पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता हितेश गुप्ता से विधायक ने कहा कि ही हाल ही में स्वीकृत की गई डामरीकरण सडकों का कार्य जल्द से ही पूर्ण करे। हरसोली रोड पर बोरवेल के कनेक्शन हरसोली फीडर से हटाकर खैरथल कस्बे के फीडर से करने के लिए खैरतल विद्युत विभाग के सहायक अभियंता रविंद्र सिंह रावत को निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधान बद्रीप्रसाद सुमन, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता रामरतन बैरवा, जलदाय विभाग अधिशासी अभियंता नरेंद्र प्रसाद गुप्ता, जलदाय विभाग सहायक अभियंता राजेश शर्मा, एनसीआर प्रोडक्ट सहायक अभियंता अशोक गुप्ता, पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता हितेश कुमार गुप्ता, विद्युत विभाग सहायक अभियंता दिनेश भडाना सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हल्की बारिश से कॉलोनियों में भरा पानी, लोग परेशान

पावटा, (निसं)। पावटा प्रागपुरा नगर पालिका के वार्ड नं 11-12 शर्मा कॉलोनी में नलों मे पानी सप्लाई आये कई महिने बीत गए है। इस गर्मी के मौसम में पानी के एक एक बूंद के लिए लोग परेशान हैं। मोहल्लेवासियों ने कई बार जनप्रतिनिधियों व संबंधित अधिकारियों से शिकायत भी की। लेकिन जनता की इस परेशानी पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

इधर बरसात होने से शर्मा कॉलोनी में राजस्थान स्कूल के पीछे, डीपी हॉस्पिटल से सब्जी मंडी जाने वाले के रास्ते, नवोदय स्कूल की चारदीवारी से ज्ञानदास महाराज तक गलिया इतनी बेहाल है कि पैदल व्यक्ति भी नहीं निकल सकता। समुचित पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण मोहल्लेवासियों गली व घरों में आने जाने में परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड 11-12 शर्मा कॉलोनी में राजस्थान स्कूल के पीछे वाली गली में बरसात प्रारंभ होते ही चलना कठिन हो जाता है। थोडी सी बारिश हो जाने पर गली में पानी भर जाता है। वही सामाजिक कार्यकर्ता नीरज सैन ने बताया कि नगरपालिका में भी इस समस्या को लेकर कई बार आवेदन दिया गया लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लेकिन संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को जनता की परेशानी से कोई सरोकार नहीं है। वार्ड के रहवासियों ने गली में बरसात के पूर्व नाली बनाकर पानी निकासी करने की मांग की है।

पावटा में नवोदय स्कूल से ज्ञानदास महाराज के रास्ते में भरा पानी।

जिला स्थापना समिति की बैठक

टोंक। जिला स्थापना समिति की बैठक बुधवार को जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें राजस्थान प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती 2021-22 के अन्तर्गत गैर अनुसूचित क्षेत्र में लेवल प्रथम सामान्य शिक्षा एवं विशेष शिक्षा के पदों पर 207 अभ्यार्थियो का पदस्थापन/चयन किया गया।

बैठक में मृतक आश्रित अनुकम्पा के तहत आदित्य चौधरी पुत्र स्व. दयाराम चौधरी को ग्राम विकास अधिकारी के पद नियुक्ति दी गई। पंचायत समिति निवाई के विनोद बैरवा कनिष्ठ सहायक, यतेन्द्र जलवानिया कनिष्ठ सहायक एवं कुंज बिहारी चौधरी कनिष्ठ सहायक के विरुद्ध सीसीए 16 के तहत एक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद देशल दान, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक शिक्षा रामनिवास शर्मा, जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि के रुप में लेखाधिकारी कलेक्ट्रेट सत्यनारायण मीना, सहायक प्रशासनिक जिला परिषद रामकिशोर मीना मौजूद थे।

श्रमिकों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर चर्चा की

टोंक, (निसं)। श्रमिकों के अधिकारों व कल्याण हेतु विशेष अभियान 'बिल्डिंग द नेशन ब्रिक्स बाई ब्रिक्स' चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक की सचिव व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डॉ. रूबीना परवीन अंसारी द्वारा श्रम विभाग के सहयोग से जिला स्तरीय अधिकारीगणों के साथ वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर न्यायधीश ने डॉ. रूबीना परवीन अंसारी ने बताया कि रालसा के विशेष अभियान 'बिल्डिंग द नेशन ब्रिक्स बाई ब्रिक्स' के अन्तर्गत की गई वर्कशॉप में मानव तस्करी को रोकना, प्रवासी श्रमिकों की मूलभुत सुविधाओं को पूरा करना, बाल श्रम को रोकना, महिला व बाल प्रताड़ना का उन्मूलन, असंगठित क्षेत्रों में कार्य करने वाले श्रमिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना, समान कार्य समान मानदेय के सिद्धांत को लागू करना, लिंग भेद को कम करना आदि पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही विशेष रूप से श्रमिकों हेतु संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक श्रमिक तक पहुंचाए जाने हेतु निर्देशित किया। साक्षरता व जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बाल विवाह की बुराईयों को अधिकाधिक लोगों के सामने लाएं। इस अवसर पर अति. जिला कलेक्टर परशुराम धानका, खण्ड विकास अधिकारी रामावतार यादव, प्रभारी मानव तस्करी यूनिट टोंक बृजमोहन देवराज, अति. निदेशक शिक्षा विभाग सीताराम गुप्ता, सहा. निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई विमलेश कुमार, सदस्य बाल कल्याण समिति गौरव मधुकर, एईएन आरयूआईडीपी तरूण जैन टोंक, सीडीपीओ पारूल शर्मा, लेबर इंस्पेक्टर आकाश आर्य, परियोजना अधिकारी शिव शिक्षा समिति सीताराम शर्मा, चाईल्ड लाईन निसार अहमद, सहायक कलेक्टर, खनिज विभाग से प्रतिनिधिगण, पैनल लॉयर दीपचंद बैरवा, राजेश कुमार सैनी, अशोक कुमार साहू, राजेश सिसोदिया एवं हरिराम गुर्जर पीएलवी आदि उपस्थित थे।

टोंक में 'बिल्डिंग द नेशन ब्रिक्स बाई ब्रिक्स' अभियान पर जिला अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित हुई।